हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 जून 2024

13 ताजपुर निवासी शेरसिंह को मिला राष्ट्रपति पुलिस...

12 समाधान शिविरों का लाभ उठाएं नागरिकः डीसी

RPS GROUP OF COLLEGES
RPS GOI MAHENDERGARH
"EXPLORE DEEPER DIMENSIONS OF KNOWLEDGE"
ENGINEERING | DEGREE COLLEGE
POLYTECHNIC | MANAGEMENT | VETERINARY
SCHOLARSHIP FOR MERITORIOUS STUDENTS
B.Sc. Medical & Non - Medical
B.Sc. (Hons.)
Maths, Chemistry, Physics, Botany, Zoology
फ़ैसला ही फ़ासला बनाता है
Special Classes
For All Competitive Exams during College Hours
PRAYAAS
A CENTER FOR COMPETITIVE EXAMS
IIT/ JAM | CIVIL SERVICES IAS/IPS | BANKING/ INSURANCE | NET/ GATE | SSC CGL/CPO/ HSSC/ CLERK
Limited Seats | Direct Admission | Sunday Open
ADMISSION OPEN
SESSION : 2024-25
HOSTEL & BUS FACILITY
FOR BOYS & GIRLS
Add.: 8th Mile Stone Balana, Mahendergarh, Hr. (NCR)
Tel.: 01285-241432, 7838029507, 8222999153
www.rpsdegreecollege.edu.in

खबर संक्षेप

नपा के टॉयलेट निर्माण पर जताई आपत्ति

कनीना। नगर पालिका की ओर से बस स्टैंड के पीछे कॉपलेक्स मार्केट में जनहित को ध्यान में रखकर टॉयलेट का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। जिसे लेकर दुकानदारों व नागरिकों ने एतराज जताना शुरू कर दिया है। इस बारे में नागरिकों की ओर से एसडीएम सुरेंद्र सिंह के नाम का ज्ञापन नपा सचिव समयपाल सिंह को सौंपा है। इस बारे में मनीष यादव, अनिल, सवाई सिंह, दक्ष, सुनील, अशोक कुमार, धर्मपाल, कार्तिक आदि सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि कॉपलेक्स से 100 मीटर की दूरी पर बस स्टैंड व पशु अस्पताल में टॉयलेट बना हुआ है। जहां टॉयलेट बनाया जा रहा है। वहां पर सीवरेज व पेयजल की लाइन भी नहीं है। उन्होंने टॉयलेट का निर्माण कार्य बंद करने की मांग की है।

डम्फर ने बाइक सवार कुचला, मौके पर मौत

नारनौल। एक डम्फर चालक ने बाइक पर सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। गांव मेघोत हाला निवासी राहुल ने थाना नांगल चौधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के पास शराब ठेका के नजदीक पहाड़ी पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के राकेश कुमार, परमानन्द व राधेश्याम बाइक पर आए। वह शराब ठेके के पास कट पर मुड़ने लगे तो निजामपुर की तरफ से डम्फर तेज ने बाइक को टक्कर मार दी। जिस पर परमानन्द व राधेश्याम सड़क की दूसरी तरफ गिर गए, जबकि राकेश के सिर से डम्फर का डायर उतरने पर मौके पर ही मौत हो गई।

डंफर ने राहगीर को मारी टक्कर, मौत

नारनौल। क्रेशर जोन में एक डम्फर से पैदल जा रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन अस्पताल लेकर गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। गांव बाग की ढाणी तन किशोरपुरा थाना पाटन राजस्थान ने निजामपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 जून को वह तथा उसका चाचा बाबूलाल मेघोत बिंजा गांव से पैदल बखरीजा खान पर जा रहे थे। उसका चाचा आगे तथा वह पीछे चल रहा था। तभी धौलेड़ा की ओर से एक डम्फर तेज गति से आया और उसके चाचा को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना उसने परिजनों को दी। डम्फर चालक वाहन सहित की ओर भाग गया। इसके बाद वह परिजनों के

धौलेड़ा-बिगोपुर में 7 घंटे की महापंचायत में भी नहीं सुलझा प्रेम विवाह का विवाद

दबाव में युवती की स्वीकृति से शादी तोड़ने पर सहमति, युवती ने किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ निजामपुर

धौलेड़ा में प्रेम विवाह के विवाद को सुलझाने के लिए वीरवार को पांच गांवों की महापंचायत हुई। जिसमें गठित प्रबुद्धजनों के एक शिष्टमंडल ने बिगोपुर जाकर युवक के परिजनों से मुलाकात की। जिन्होंने युवती की स्वीकृति से प्रेम विवाह को तोड़ने पर सहमति दी, लेकिन पुलिस सुरक्षा में सेफ हाउस में बैठी युवती ने शादी तोड़ने से साफ इंकार कर दिया। करीब सात घंटे तक मंथन करने के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकला।

■ धौलेड़ा गांव के निर्णय का समर्थन करेगी पांच गांवों की पंचायत

पांच गांवों की पंचायत ने धौलेड़ा गांव के फैसले को मानने का निर्णय लिया है। फिलहाल बिगापुर गांव का बहिष्कार यथावत बना रहेगा। जानकारी के मुताबिक धौलेड़ा निवासी युवती का बिगोपुर के युवक का लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब एक साल से दोनों का मिलना-झुलना बना हुआ था। बीती 10 जून को युवती व युवक ने शादी करने का प्लान बनाया और दोनों घर से भाग गए। मंदिर में प्रेम विवाह करने के बाद दोनों ने कोर्ट से शादी को सत्यापित भी करवा लिया।

गांव धौलेड़ा में महापंचायत करते ग्रामीण

पुलिस ने दोनों को सेफ हाउस में ठहरा: इसके बाद दोनों ने नारनौल कोर्ट में न्यायाधीश के समक्ष एक्ट 164 के बयान देकर शादी के निर्णय पर अडिग रहना स्वीकारा है। कोर्ट के निर्देशानुसार पुलिस ने दोनों को सेफ हाउस में ठहरा दिया है। इधर, आक्रोशित धौलेड़ा के ग्रामीणों ने पड़ोसी गांव मेघात बींजा, मेघोत हाला, बेरूंडला, खातोली अहीर, खातोली जाट सहित पांच गांवों की महापंचायत बुलाई। जिसमें मौजिज लोगों ने युवक के परिजनों से संपर्क किया। सरपंच के प्रतिनिधि कंवर सिंह की मौजूदगी में प्रेम विवाह को तोड़ने पर सहमति जता दी, लेकिन इसमें युवती की स्वीकृति अनिवार्य है, लेकिन युवती ने किसी भी सूरत में संबंध तोड़ने को तैयार नहीं। ऐसे में नाराज धौलेड़ा के ग्रामीणों ने बिगोपुर के साथ भाईचारे को तोड़ दिया। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि बिगोपुर के ग्रामीणों को गांव में एंट्री नहीं करने देंगे। करीब सात घंटे तक बहस व समझाइश चलने के बावजूद विवाद नहीं सुलझा।

दुकानें रहीं बंद

धौलेड़ा के बस स्टैंड पर बिगोपुर के कई ग्रामीणों ने दुकानें खोल रखी हैं। विवाद बढ़ने पर धौलेड़ा पंचायत ने दुकानों को उठाने का अल्टीमेटम दिया है। अन्यथा जानमाल का नुकसान हुआ तो दुकानदार स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। चेतावनी के बाद दोनों गांवों में तनाव बना है। दूसरे दिन भी दुकानों पर ताले लटके रहे। महापंचायत ने धौलेड़ा के फैसले के साथ रहने का निर्णय लिया है।

पहले भी घर छोड़कर आई थी युवती, हमने परिजनों को सौंपी थी

पंचायत के दौरान युवक की माता ने कहा कि युवती व युवक में प्रेम प्रसंग है। युवती पहले भी घर से पैदल चलकर युवक के पास आई थी, लेकिन उन्होंने परिजनों को सकुशल सौंप दिया था। अब दुबारा युवक के पास आई और घर से भागकर प्रेम विवाह कर लिया। धौलेड़ा-बिगोपुर में गहरा भाईचारा है, इसलिए शादी का होना उचित नहीं। महापंचायत व कोर्ट जो भी फैसला करेगी व मान्य होगा।

युवती को हमारे सुपुर्द करें युवक के परिजन

युवती के पिता ने कहा कि बिगोपुर के युवक के साथ युवती ने प्रेम विवाह कर लिया। दोनों गांवों में बीच भाईचारा है और एक ही भाईचारे में शादी करना सामाजिक रीति-रिवाजों के खिलाफ है। महापंचायत ने आग्रह कि युवक को उसके परिजनों व युवती को हमारे सुपुर्द करवाया जाए, ताकि दोनों गांवों के बीच शांति-व्यवस्था बनी रहे।

21 जून को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

नारनौल। योग करते विभागों के कर्मचारी व आमजन। फोटो : हरिभूमि

आईटीआई ब्वाय में जिला स्तर पर योग प्रशिक्षण शुरू, 15 तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

■ जिला प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू कीं

21 जून को मनाए जाने वाले 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी हैं। जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा की 21 जून को एक साथ जिला के हजारों नागरिक योग करें। इसी कड़ी में वीरवार को आईटीआई ब्वाय में जिला स्तर पर योग प्रशिक्षण दिया। यह योग प्रशिक्षण 15 जून तक चलेगा। नागरिक इसके लिए सुबह छह बजे आईटीआई पहुंचे।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अजीत यादव ने बताया कि 19 जून को सुबह सात से आठ बजे तक जिला स्तर पर योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्कूल, कॉलेज, गुरुकुल, विश्वविद्यालय, जनसाधारण, योग संस्थान, पुलिस, एनसीसी कैडेट, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट और गाइड हिस्सा लेंगे। 21 जून को सुबह सात से आठ बजे तक जिला व ब्लॉक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि जिला व ब्लाक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा आमजन गूगल फॉर्म पर पंजीकरण करवा सकते हैं। जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यालय के दूरभाष नंबर 01282-298205 पर भी फोन पंजीकरण करवा सकते हैं।

गांव खेड़ा में बैठक

महेंद्रगढ़। बैठक के बाद उपस्थित किसान। फोटो : हरिभूमि

बैठक में उचित मुआवजा राशि देने की मांग रखी

महेंद्रगढ़। हरियाणा दिल्ली किसान संगठन द्वारा खेतडी नरेला पावर ग्रीड से संबंधित किसानों को सरकार द्वारा उचित मुआवजा राशि के लिए गांव खेड़ा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों द्वारा पावर ग्रिड का मुआवजा एचटी लाइन मार्केट रेट से व रो का ढाई गुना देने की मांग की गई तथा किसानों की सुरक्षा से संबंधित कानून बनाने एवं दुर्घटना होने पर उचित मुआवजा देने की मांग की गई। इसके अलावा किसानों के खेतों से जाने वाली लाइन की भी मुआवजा राशि की मांग की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया कि पावर ग्रीड पर कोई भी काम नहीं करने देंगे, जब तक दिल्ली हरियाणा नई यूनिफॉर्म पॉलिसी लागू नहीं हो जाती। विजय खेड़ा द्वारा बताया गया कि इस संबंध में निकट भविष्य में एक महा किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दिल्ली व हरियाणा के किसान नेता भाग लेंगे। इस अवसर पर वेदप्रकाश, रामरूप, विक्रम, धमेंद्र, वीर कुमार, धर्मवीर ब्रीड़, सुरेंद्र, मदनपुर, मोहित बव्वा, महावीर नंबरदार, सुक्रमपाल सरपंच, अंगनाराम पंच, ओमप्रकाश हेड मास्टर, अर्जुन नंबरदार, प्रभाती लाल सूबेदार, हवा सिंह, विजय खेड़ा, देशराज, लीलाराम, नरेंद्र, नरेश पंच, लालचंद व सुमेर मेघनवास मौजूद रहे।

रेडक्रॉस ने किया चयन : पांच सामाजिक संगठन व तीन महिला रक्तवीर को आज राज्यपाल करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

■ अंबाला कैंट के एसडी कॉलेज में कार्यक्रम होगा आयोजित

विश्व रक्तदाता दिवस आज है। इस दिन अंबाला में राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय हरियाणा के प्रत्येक जिला से चयनित हुए सामाजिक संगठन व महिला रक्तदाताओं को सम्मानित करेंगे। इस सम्मान को पाने वाले महेंद्रगढ़ जिला से पांच सामाजिक संगठन व तीन महिला भी शामिल है। सा मा जि क संगठनों में युवा साथी ग्रुप शेखपुरा, नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप नारनौल, जन कल्याण सेवा समिति भीलवाड़ा, टाईगर क्लब नारनौल व जनशक्ति विकास संगठन कनीना शामिल है। वहीं महिला रक्तदाता के रूप में प्रेमलता हमीदपुर, सीमा व्यास नारनौल व मुकेश देवी यादव नारनौल शामिल है। इनके नाम का चयन जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से भेजा गया था।

टिंकू प्रधान। | मनीष गोगिया। | राकेश यादव। | मुख्तयार सिंह। | मुकेश देवी। | सीमा व्यास। | प्रेमलता।

युवा साथी ने अब तक 58 रक्तदान कैंप लगाए, इमरजेंसी में रक्तदान की मुहिम जारी

जिला में युवा साथी ग्रुप है। यह ग्रुप को संचालित टिंकू प्रधान कर रहे है। उनका कहना है कि अब तक संस्था 58 रक्तदान शिविर लगा चुकी है। महेंद्रगढ़ जिला ही नहीं हरियाणा व राजस्थान के दूसरे जिला में भी उनका यह ग्रुप बना हुआ है। इमरजेंसी में रक्तदान करने की मुहिम रोजाना जारी है। शायद ही कोई ऐसा दिन होगा जिस दिन नारनौल या आस-पास या फिर दिल्ली, गुरुग्राम व जयपुर भर्ती मरीजों को इमजरेंसी में उनके ग्रुप से जुड़े सदस्य रक्तदान नहीं करते हो। यह सम्मान उनके टीम सदस्यों की बदौलत ही मिल रहा है।

13 रक्तदान कैंप व इमरजेंसी में सैंकड़ों मरीजों को दिलाया रक्त

नारनौल में नेकी की दीवार-नीड़ी हेल्प ग्रुप सामाजिक संस्था है। इस संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने बताया कि अभी तक संस्था 13 बार रक्तदान शिविर लगा चुकी है। यहीं नहीं सैकड़ों ऐसे मरीजों को रक्तदान किया है जिन्हें इमरजेंसी में जरूरत पड़ी। यह मुहिम अभी भी लगातार जारी है। राज्यपाल की ओर से सम्मानित करने की घोषणा से संस्था के सभी सदस्य खुद को गौरवांवित महसूस कर रहे है।

365 दिन 365 यूनिट रक्तदान मुहिम

टाईगर क्लब परिवार ने 365 दिन 365 यूनिट रक्तदान मुहिम जिला में चलाई। यह मुहिम रंग लाई और लोगों को जन्मदिन सहित अन्य उत्सव के दिन रक्तदान कार्यों के लिए जोड़ा। इस क्लब के प्रधान राकेश यदव व उनकी टीम को अब राज्यपाल सम्मानित करेंगे।

ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को कर रहे जागृत

जन कल्याण सेवा समिति का संचालक कर रहे मुख्यतार सिंह ने बताया कि उनके संगठन ने अब तक करीब 10 बार रक्तदान शिविर लगाया है। ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को रक्तदान के प्रति जागृत करने की मुहिम लगातार जारी है। इस सम्मान से समिति से जुड़े सदस्यों में खुशी है।

जिले में दिन का पारा 45 व रात का 33 डिग्री पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

मानसून की एंट्री से पहले आमजन भीषण आग उगलने वाली गर्मी से हलकान

हरियाणा/एनसीआर दिल्ली में सात जिलों में दिन का तापमान 46.0 डिग्री सेल्सियस के पार

हरियाणा/एनसीआर दिल्ली में मानसून की एंट्री से पहले आमजन भीषण आग उगलने वाली गर्मी से परेशान है। सम्पूर्ण इलाके में तापमान में भी उछाल देखने को मिल रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने हरियाणा के उत्तरी व पूर्वी जिलों पर ऑरेंज तथा दक्षिणी व पश्चिमी जिलों पर येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। वीरवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म दिन फरीदाबाद व सबसे ज्यादा गर्म रात नारनौल की दर्ज की गई। फरीदाबाद में दिन का तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस व नारनौल का रात्रि तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

■ हरियाणा के उत्तरी व पूर्वी जिलों पर ऑरेंज तथा दक्षिणी व पश्चिमी जिलों पर येलो अलर्ट जारी

हरियाणा/एनसीआर दिल्ली में सात जिलों में दिन का तापमान 46.0 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया हैं। जिसमें फरीदाबाद 46.8, सोनीपत 46.7, रोहतक 46.2, जींद 46.2, सिरसा 46.2, झज्जर 46.1, बालसंबद 46.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं छह-सात जिलों में तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जबकि आठ जिलों में दिन का तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस व 44.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सम्पूर्ण राज्य में दिन के साथ रात्रि के तापमान में उछाल देखने को मिला। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस से 33.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में रात्रि तापमान क्रमशः 33.0 डिग्री सेल्सियस व 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन का तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर बाद हरियाणा के दक्षिणी जिलों में बादलवाही व तेज गति से हवाओं के साथ भिवानी, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी जिलों में छिटपुट बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगला कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 15 जून को सक्रिय होगा, उसका भी मौसम में कोई विशेष बदलाव देखने को नहीं मिलेगा, केवल आंशिक बादलवाही व नमी वाली हवाएं चलने से सम्पूर्ण इलाके में तापमान में आंशिक गिरावट आएगी।

M.L.S. D.A.V. PUBLIC SCHOOL
KULTAJPUR ROAD, NARNAUL, PH.: 01282-252474, 257405
Nursery to XII (Science, Commerce & Arts) | (Affiliated to C.B.S.E. New Delhi)
REQUIRES STAFF
PGT: English, Physics, Chemistry, Music, Economics, History & Physical Education.
TGT: Science, Maths, English, Social Science, Computer Science & Physical Education
PRT: Hindi, English, Maths, Science, Physical Education, Social Science, Sanskrit, Fine Arts and Computer Science.
NTT - Graduates with degree of NTT or B.Ed
Qualification: Post Graduate and B.Ed for all the above post.
LIBRARY ASSISTANT : B.Lib from recognised university.
FEE CLERK : M.Com/B.Com with Computer Knowledge and Tally Accounts.
RECEPTIONIST : M.A. English / B.A. , well versed in English
NOTE : 1. CTET/HTET is essential for all regular posts.
2. Preference to DAV CBT qualified candidates
Apply to Principal MLS DAV Public School, Narnaul
Email: mlsdavnarnaul@gmail.com
Dr. D.V. Sethi Chairman | Sunita Behl Assistant Regional Officer | Rajdeep Kulshreshtha Manager | Virender Kumar Principal

सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट !

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।

हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए। लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।

पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।

पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट

फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

अपने पापा के पापा को नहीं भूलना



बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।

जानकारी / नयनतारा

फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।

बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

एक बेटी ने की शुरुआत : बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।

सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार : जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे : बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *

जीके क्विज-108

1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी है?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?

बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-107 का उत्तर : 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टापाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले : नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

हंसगुल्ले

पापा : आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
सोनू : मोनू से 20 नंबर कम।
पापा : अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
सोनू : 20 नंबर।
-रंजीत, हिसार

नव्या : अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
नैंसी : चिड़िया बनकर।
नव्या : अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?

नैंसी : वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।
-खुशबू, रायपुर

मम्मी : तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
रोहन : मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
मम्मी : अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
रोहन : 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'
-शुभम, भोपाल

कहानी
डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

हैप्पी फादर्स-डे

मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

रंग भरो-152

रंग भरो-152 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

दिव्यांश, दुर्ग

उदय, बालोद

रितेश, मटियारी

सृष्टि, रायपुर

अपर्णा, कबीरधाम

अंकिता, धमतरी

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी

रंग भरो 153

बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?

उत्तर : D

खबर संक्षेप

गर्वित ने एनडीए में पाया 262वां रैंक

नारनौल। पंचायत भवन के सामने स्थित शिव कॉलोनी निवासी गर्वित

शर्मा पुत्र मनीष शर्मा ने एनडीए की परीक्षा में सफलता पाई है। गर्वित को एनडीए में 262वां रैंक प्राप्त हुआ है। गर्वित ने 12वीं की परीक्षा सीएल स्कूल से 90 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। उनकी माता शालिनी शर्मा गृहिणी हैं, जबकि उनके पिता जयपुर की अग्रीवाइज फिनसर्व लिमिटेड में बतौर स्टेट हैड अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गर्वित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय दादाजी कंज्यूमर कोर्ट के रिटायर्ड सुपरीडेंट कृष्ण शर्मा के साथ-साथ अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

मारपीट व अपहरण मामले में चार और गिरफ्तार

नारनौल। लाठी-डंडों से मारपीट व अपहरण करने के मामले में थाना शहर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए चार और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान मनोज वासी नांगतिहाड़ी, योगेश उर्फ दादा वासी नांगतिहाड़ी, पवन उर्फ नकली उर्फ चांद वासी नांगतिहाड़ी व साहिल वासी नांगतिहाड़ी के रूप में हुई है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों पोहकर वासी नांगतिहाड़ी व यादराम वासी नांगतिहाड़ी को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन 16 जून को

महेंद्रगढ़। शहर की आदर्श रामलीला ग्राउंड में 16 जून को सुबह 10 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस विधायक राव दानसिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। राव दानसिंह के कार्यालय सचिव सूबेदार हरिसिंह ने देते हुए बताया कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक राव दानसिंह कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे और विधानसभा चुनाव को लेकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे।

डॉ. धर्मबीर पायगा की माता का निधन

महेंद्रगढ़। गांव पायगा निवासी डॉ. धर्मबीर सिंह की माता 75 वर्षीय संतरा देवी का वीरवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे अपने तीन पुत्र, एक पुत्री व पांच पोते पोतियां सहित भरा पूरा परिवार पीछे छोड़कर गई। उनके चले जाने से समाज को अपूर्ण क्षति हुई है। वे बहुत ही सरल स्वभाव व परिवार समाज को एकता का पाठ पढ़ाने वाली महिला थी। वो हमेशा गरीबों की मदद करती थी और सदा धर्म कर्म में विश्वास रखती थी।

78 वर्षीय संतरा देवी का निधन

महेंद्रगढ़। गांव पायगा निवासी समाज सेवी दीपक यादव की माता

संतरा देवी (78) का निधन हो गया है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। सुबह उनके गांव पायगा में क्षेत्र के लोगों ने पहुंच अंतिम विदाई दी। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। दीपक यादव ने बताया कि उनकी माता धार्मिक प्रवृति की महिला थी।

पुत्रवधु ने ससुर पर किया रॉड से हमला, केस

नारनौल। गांव कमानिया में एक पुत्रवधु ने अपने ससुर पर रॉड से हमला कर दिया। देवर पर भी महिला ने रॉड से हमला कर दिया। इस बारे में कमानिया वासी नत्थुराम ने नांगल चौधरी पुलिस थाना में दी शिकायत में बताया कि उसके दो बेटे बड़ा मनप्रकाश व छोटा यशपाल है। मंगलवार रात वह, उसका छोटा बेटा यशपाल, बेटे की पत्नी ममता व पत्नी संतरा घर पर बैठे थे। तभी प्रीति गाली देने लगी और बिना किसी कारण लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान प्रीति ने पुत्रवधु ममता पत्नी यशपाल के पेट में लात मारी। जिससे वह तीनों घायल हो गए। तीनों को नांगल चौधरी स्वास्थ्य केंद्र आया गया। जहां बेटे यशपाल को ज्यादा चोट लगने के कारण उसे नारनौल रेफर कर दिया। पुलिस ने ससुर की शिकायत के आधार पर आरोपित पुत्रवधु प्रीति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांग्रेस के वोटों में जबरदस्त इजाफा तो बीजेपी के वोटों में हुई रिकॉर्ड गिरावटः राव दानसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे एवं विधायक राव दानसिंह ने लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को सामने रखते हुए विधानसभा चुनाव पर भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा है कि इस बार कांग्रेस का वोट प्रतिशत जबरदस्त तरीके से बढ़ा है और बीजेपी के वोटों में रिकॉर्ड गिरावट आई है। इसलिए जो बीजेपी लोकसभा चुनाव में हाफ रह गई है और वह विधानसभा चुनाव में पूरी तरह साफ हो जाएगी। राव दानसिंह ने कहा कि कांग्रेस को इस बार 36 बिरादरी का भरपूर समर्थन हासिल हुआ। जनता समझ चुकी है कि बीजेपी के पास लोगों को जात-धर्म के नाम पर भड़काने और लड़वाने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है, लेकिन जनता बंटवारे की नहीं, बल्कि भाईचारे की राजनीति को पसंद करती है। 2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले भाजपा का वोट 12 प्रतिशत घटा है, जबकि कांग्रेस

विधायक राव दानसिंह ने लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को सामने रखते हुए विधानसभा चुनाव पर भविष्यवाणी की है

गठबंधन के वोटों में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। तमाम राज्यों के मुकाबले हरियाणा में इंडिया गठबंधन को सबसे ज्यादा 47.6 प्रतिशत वोट मिले हैं। कांग्रेस

ने इस बार 46 विधानसभाओं पर बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों के हिसाब से देखें तो अंबाला में कांग्रेस को 18.6 प्रतिशत ज्यादा तो बीजेपी को 2019 के मुकाबले 11.1 प्रतिशत कम वोट मिले हैं। भिवानी में कांग्रेस को 21 प्रतिशत ज्यादा तो बीजेपी को 13.8 प्रतिशत कम वोट हासिल हुए हैं। यहीं रुझान तमाम विधानसभा क्षेत्रों में भी देखने को मिला।

इस रुझान और राजनीतिक लहर से स्पष्ट है कि जनता विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता से बेदखल कर कांग्रेस की सरकार बनाने जा रही है। क्योंकि हरियाणा की जनता समझ चुकी है कि बीजेपी सरकारी शिक्षा, पक्की नौकरी और एससी-ओबीसी का आरक्षण खत्म करना चाहती है। हरियाणा में बीजेपी ने अपनी आरक्षण विरोधी नीतियों को लागू कर दिया है। यही वजह है कि बीजेपी प्रदेश में खाली पड़े दो लाख पदों पर पक्की भर्तियां नहीं कर रही है। एक साजिश के तहत कौशल निगम के जरिए खाली पदों को भरा जा रहा है। क्योंकि कौशल निगम में ना किसी तरह की पारदर्शिता है, ना मेरिट और ना ही आरक्षण। इसी तरह बीजेपी ने गरीब, किसान व एससी-ओबीसी परिवारों को शिक्षा से वंचित करने के लिए सरकारी संस्थानों की फीस में कई-कई गुणा बढ़ोत्तरी कर दी। एमडीयू में सरकार ने सीधे पांच गुणा फीस बढ़ाकर अपनी नीति को साफ कर दिया है। जाहिर है कि अगर सरकारी शिक्षा और नौकरियां ही नहीं रहेंगी तो आरक्षण अपने आप खत्म हो जाएगा। कांग्रेस किसी भी सूरत में बीजेपी को दलित-पिछड़ों के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं करने देगी।

राजस्थान पुलिस अकादमी में हुआ पुलिस दिवस समारोह

ताजपुर निवासी शेरसिंह को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी शेरसिंह को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा कानून व्यवस्था व ड्यूटी में समर्पण पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कोरोना काल में जिम्मेदारीपूर्वक ड्यूटी निभाकर किया और पुलिस व मानवीय कर्तव्यों का पालन किया। राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित पुलिस दिवस समारोह में राष्ट्रपति पदक देकर सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिया है। इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, पी रामजी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एमएन दिनेश सहित अन्य उच्च पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

शेरसिंह अटेली क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी हैं। वह सन् 1993 में राजस्थान पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुए और जल्दी ही अपनी मेहनत और लग्न के जरिए उच्च पुलिस अधिकारियों के नजर में अपनी पैठ बना ली थी। उन्होंने 1996 में राजस्थान में हुए समलेटी बम कांड की जांच में शामिल किया गया और इसमें उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी सहित अहम अनुसंधान में मुख्य भूमिका निभाई थी। इसी तरह उन्होंने सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में मिली बम की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर अपनी जान की परवाह नहीं की और जिंदा बम ढूंढ़कर हजारों लोगों की जिंदगी बचा ली। इसके अलावा भी उन्होंने कई अपराधों की जांच और आरोपितों की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई थी। कोरोना महामारी के दौरान भी शेरसिंह ने अपनी जान पर खेलकर ड्यूटी के साथ

मंडी अटेली। ताजपुर के शेरसिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित करते राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

मानवीयता का भी फर्ज निभाया। एक समय जब पूरा शहर कोरोना की चपेट में आने के भय से घरों में बंद हो रखा था, उस दौरान भी शेरसिंह ने बीच सड़क पर खड़े होकर राहगीरों की मदद की और उनके खाने-पीने का प्रबंध किया। इसके अलावा कोरोना पीड़ितों को भी कई बार अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई। उन्होंने पूरे समय ड्यूटी धर्म निभाकर लॉकडाउन के नियमों का सख्ती से पालन कराया और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ जमकर कार्रवाई की तथा राजस्थान पुलिस विभाग ने राष्ट्रपति पदक के लिए पिछले वर्ष उनका नाम भेजा था। उसके बाद उनके नाम पर मुहर भी लग गई थी। उन्हें यह पदक राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव से पहले ही मिलना था, लेकिन आचार संहित लगने के कारण इसमें देरी होती गई। आखिरी में सरकार ने राजस्थान पुलिस दिवस पर उन्हें यह पदक देने का निर्णय किया। इसके बाद बुधवार को उन्हें विशेष समारोह में सम्मानित किया गया।

पूर्व शिक्षा मंत्री ने सीएम से मुलाकात में की मंत्रणा

महेंद्रगढ़। सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

पूर्व शिक्षा प्रो. मंत्री रामबिलास शर्मा ने वीरवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला महेंद्रगढ़ के लिए विकास को लेकर यानि विभिन्न नए व पुराने प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

प्रो. शर्मा ने जिला महेंद्रगढ़ में सरकार द्वारा ढांचागत सुविधाओं पर दिए जा रहे फॉक्स को लेकर उनका धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने महेंद्रगढ़ में चल रहे शेष प्रोजेक्ट में भी तेजी लाने तथा उनका लाभ शीघ्र आमजन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने के लिए जिले में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देना जरूरी है। ऐसे में एचएसआईआईडीसी द्वारा जिले के गांव खुडाना में बनने वाले आइएमटी प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू करवाया जाना आवश्यक है। शहर के बस स्टैंड पर रोडवेज सब डिपो शीघ्र शुरू किए जाने, स्कूल, कॉलेजों में बेहतर शिक्षा के ओर अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने, महेंद्रगढ़ को पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने सहित अन्य कार्यों पर चर्चा की। वहीं उन्होंने शहर महेंद्रगढ़ में भी विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सरकार की ओर से अधिक धनराशि देने का आग्रह किया, ताकि लोगों को जल्द से जल्द सरकार की सुविधाओं का फायदा मिले। प्रो. शर्मा ने कहा कि जिले में शेष बचे हुए विकास व प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की है।

मकान से अवैध शराब की बरामद, एक गिरफ्तार

महेंद्रगढ़। सीआईए टीम द्वारा अवैध शराब का कारोबार करने वालों और अवैध शराब के कारोबार में संलिप्तो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सीआईए की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दीवान कॉलोनी में मकान से अवैध 839 बोतल शराब की बरामद की हैं। पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपित जयसिंह वासी धीगड़िया झुंझुनूं हाल किराएदार दीवान कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। वीरवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीआईए टीम गश्त के दौरान तुलाराम चौक पर मौजूद थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि किराये पर रहने वाला व्यक्ति जय सिंह मकान में काफी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है। पुलिस टीम द्वारा रेड की गई, जहां पर आरोपित अपने मकान पर हाजिर नहीं मिला। मकान के कमरे में काफी मात्रा मे अलग-अलग मार्का की देशी शराब व अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिनकी कुल 839 बोतल शराब देशी व अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

वैदिक रीति से की स्वामी ब्रह्मानंद की अंत्येष्टि

नारनौल। स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती की अंत्येष्टि वीरवार को वैदिक रीति से कर्म महेंद्रगढ़ में की गई। जिन्हें डा. शिवकुमार शर्मा ने मुखाग्नि दी। 35 साल तक आर्य समाज के प्रधान के पद पर रहे। संपूर्ण क्षेत्र में बहुत से स्थानों पर आर्य समाज की स्थापना की। उन्होंने आजीवन स्वामी दयानन्द सरस्वती की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया। वे उन महान राष्ट्रभक्त सन्यासियों में थे, जिन्होंने संपूर्ण जीवन शिक्षा व वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कन्या पाठशाला पैतृक गांव गागड़वास में बनवाई। मौके पर पीजी कॉलेज प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, पूर्व एसडीएम इंद्र सिंह बोहरा, सत्यपाल इंजीनियर, डा. हेमंत शर्मा, डा. आदित्य, डा. कपिल मौजूद थे।

नेतराम स्कूल की छात्रा ने पाई आईआईटी एडवांस में सफलता

नारनौल। एनटीए की ओर से आईआईटी एडवांस का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर की छात्रा ईसा यादव पुत्री विनोद सलीमपुर ने सफलता हासिल की। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या अनिता देवी ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों की कमी नहीं है। इस सफलता का श्रेष्य उन्होंने छात्रा, अध्यापकों, अभिभावकों को दिया। इस मौके ज्योति, प्रमिला, दीपक, विक्रम, उमा, प्रीति, सुनील, ममता, सुमन, राजबाला, प्रदीप, ललित, सतीश, सुशीला, रोहित, पूजा, समता, मोनिका आदि मौजूद थे।

यदुवंशी के विद्यार्थी को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन की छात्रा यशिता पुत्री मंजीत सिंह सहित 12 विद्यार्थी बुधवार को चंडीगढ़ के इंद्रधनुष स्टेडियम में मुख्यातिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के कर कमलों द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित हुए। इस सम्मान समारोह में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता एवं महिला व बाल विकास मंत्री असीम गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बाल महोत्सव में विद्यालय की छात्रा यशिता ने सोलो सोंग में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया था, वहीं ग्रुप सोंग में प्रियांशी, नंदिता, अनन्या, मन्नत, लताशा, चिराग, तन्मय, वंशिका, शुभम, प्रांजल एवं जगवी ने पूरे हरियाणा में तृतीय स्थान हासिल किया था। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि आप ही देश का उज्ज्वल भविष्य हो। आप में से ही अच्छे विधायक, सांसद, डॉक्टर, इंजीनियर एवं प्रशासनिक

महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

अधिकारी बनेंगे। हरियाणा में सरकार ने नई शिक्षा नीति भी लागू कर दी है। अतः इस शिक्षा नीति का सफलतम रूप से लाभ उठाएं। बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, डायरेक्टर विजय सिंह यादव, निदेशक राजेंद्र सिंह यादव, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने सभी विजेता विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि यदुवंशी अपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कला व सांस्कृतिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए उचित मंच प्रदान कर रहा है।

गैस एजेंसी का ताला तोड़कर चोरी के मामले में एक और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गैस एजेंसी का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान गुलशन वासी रेवाड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को रेवाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। जिसे वीरवार को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। जिससे पूछताछ में उससे नकदी बरामद की थी। शिकायतकर्ता सुरेश कुमार वासी रातां खुर्द ने थाना नांगल चौधरी में शिकायत देते हुए बताया कि वह एचपी गैस एजेंसी का मालिक है। सोमवार की छुट्टी होती है और शनिवार, रविवार की नकदी जमा करवाने के लिए प्रदीप एजेंसी में आया और देखा कि एजेंसी का ताला तोड़कर नकदी चोरी की हुई है। प्रदीप की सूचना पर शिकायतकर्ता एजेंसी पर पहुंचा तो देखा कि साईड गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसकर बाथरूम का फैन निकालकर बाथरूम का दरवाजा तोड़ा और दराज का लॉक तोड़कर दो दिन का जमा कैश चोरी हुआ पाया।

राजेंद्र आर्य काठमांडू में वैश्विक मानवीय पुरस्कार से सम्मानित

महेंद्रगढ़। गांव बवानियां निवासी राजेंद्र आर्य को शिक्षा, साहित्य और समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान को लेकर त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू में वैश्विक मानवीय पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया है। त्रिभुवन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह के दौरान नेपाल के सांसद अमरेश कुमार सिंह एवं त्रिभुवन विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संजीता वर्मा, हिंदी

केंद्रीय विभाग त्रिभुवन विश्वविद्यालय की हिंदी प्रवक्ता डॉ. प्रो. लक्ष्मी, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी हिंदी के सह आचार्य डॉ. प्रो. चंद्रशेखर सिंह द्वारा उन्हें अंग वस्त्र, रुद्राक्ष की माला, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेपाल के उपप्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने किया और हरियाणा से महावीर गुड्डू व उनकी टीम द्वारा हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा उनका स्वागत किया गया।

जमीन बेचकर देवेंद्र को दिए थे 30 लाख, इनकार करने पर पिता ने की आत्महत्या

नारनौल। गांव हाजीपुर में उधार दिए रुपये नहीं लौटाने पर व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। मामले में मृतक के बेटे ने आरोप लगाया कि उसके पिता ने एक साल पहले जमीन बेचकर गांव के ही देवेंद्र मास्टर को 30 लाख रुपये दिए थे। अब देवेंद्र मास्टर ने रुपये देने से इनकार किया तो उसके पिता ने आत्महत्या कर ली। इस बारे में गांव हाजीपुर निवासी पंकज ने फैजाबाद पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह दिल्ली में नौकरी करता है। उसके पिता प्रदीप कुमार का गांव के देवेंद्र मास्टर से पैसे का लेन-देन था। एक दिन उसके पिता का फोन आया कि देवेंद्र मास्टर उसके 30 लाख रुपये नहीं दे रहा है और मांगने पर जान से मारने की धमकी देता है। उसे रुपये की जरूरत है और देवेंद्र मास्टर पैसे देने से मना कर रहा है। इसलिए परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसके पिता ने आरोपित देवेंद्र मास्टर को 40 लाख रुपये दिए थे। यह जनकारी ग्रामीणों व रिश्तेदारों को भी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि देवेंद्र मास्टर की ओर से रुपये नहीं लौटने पर परेशान होकर उसके पिता ने आत्महत्या की है।

जेईई एडवांस में छाए एसडी स्कूल ककराला के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में पढ़ने वाले प्रिंस पुत्र रामपाल, लक्ष्मी पुत्री संतराज, रितिक यादव पुत्र हनुमान ने सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। बच्चों के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने एसडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन जगदेव यादव व समस्त एसडी परिवार ने उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रुप

कनीना। उत्तीर्ण होने पर खुशी जताते एसडी विद्यालय ककराला के विद्यार्थी।

के चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि आज देश 21वीं सदी में है, जो कि विज्ञान व टेक्नालाजी की है, इसलिए प्राथमिक कक्षाओं से ही बच्चों को नई तकनीकी के अनुसार शिक्षा दी जानी चाहिए। अभिभावकों के विश्वास, शिक्षकों व बच्चों की मेहनत के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे है व प्रदेश के सभी छात्रों को असीम ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कृतसंकल्प है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव ने कहा कि यह सफलता केवल प्राध्यापकों के उचित मार्गदर्शन, छात्रों के कठोर परिश्रम व स्कूल प्रबंधन तथा अभिभावकों की उचित योजना के कारण ही हासिल हो सकी है।

मंथन | हकेंवि में एनईपी अभिविन्यास एवं संवेदीकरण पर किया मंथन

मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ आठ दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आठ दिवसीय एनईपी अभिविन्यास एवं संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस नौवें अभिविन्यास एवं संवेदीकरण कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के 135 शिक्षकों व शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत सरकार की पहलों, सीखने में लचीलापन, उद्यमिता विकास और अंतः विषय अध्ययन को बढ़ावा देने जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। समापन सत्र में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने सभी संबद्ध क्षेत्रों में भारतीय ज्ञान प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन की शुरूआत में कार्यक्रम निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार व उपनिदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

प्रतिभागियों का स्वागत किया। आयोजन में विशेषज्ञ के रूप में एनसीईआरटी के प्रो. एसके यादव, एनआईईपीए के डॉ. अमित गौतम, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रो. प्रीति जैन, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. विशाल सूद, दक्षिण केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. रविकांत आदि उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने कार्यक्रम के एनईपी विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अनुसंधान और विकास, उच्च शिक्षा संस्थान की भूमिका, उच्च शिक्षा और समाज, साहित्यिक चोरी, अकादमिक नेतृत्व और शासन, डिजिटलीकरण, अकादमिक नेतृत्व, छात्र विविधता और समावेशी शिक्षा, कौशल विकास, समग्र और बहु-विषयक शिक्षा पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार व उपनिदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आठ दिवसीय इस कार्यक्रम में देशभर के 120 संकाय सदस्यों तथा 15 शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में कुल 16 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। समापन सत्र में कार्यक्रम समन्वयक फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग की डॉ. मनीषा पांडे और बायोकेमिस्ट्री विभाग की डॉ. नीलम ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत में प्रो. प्रमोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

सूचना

मै कप्तान सिंह पुत्र राम किशन वासी ग्राम मंडलाना तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र बिरेंद्र जो कि अविवाहित है। और मेरे व बाकि परिवार के कहे अनुसार नहीं चलता है और परिवार के साथ लडाई–झगडा करता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके किसी भी कार्य व्यवहार की मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

जान से मारने की धमकी देने पर केस दर्ज

नारनौल। सतनाली थाना पुलिस ने गांव जवाहर नगर निवासी महिला सविता देवी पत्नी शहीद राजेन्द्र सिंह की शिकायत पर सात नामजद व सात-आठ अन्य लोगों पर मारने की धमकी देने व दीवार तथा गेट तोड़ने के आरोप में केस दर्ज किया है। पीड़ित सविता ने बताया कि गांव जवाहर नगर से नंगला रोड स्थित प्लाट पर रात को कुछ लोग आए। प्लाट की दीवार गिराकर और गेट तोड़ा और मारने की धमकी दी। इनमें फतेह सिंह, भूपेंद्र, रविंद्र, विक्रम, सुखबीर, ओमबीर, बाबूलाल,तथा सात-आठ अन्य व्यक्ति शामिल थे।

कैशलेस मेडिकल सुविधा शुरू करने पर आभार

नारनौल। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला प्रधान कर्मवीर खिंची ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के कर्मचारियों की काफी पुरानी मांग कैशलेस मेडिकल को पूरा कर दिया है। उन्होंने भी रिटायर्ड कर्मचारी व भाजपा जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा होने नाते मुख्यमंत्री और उनके ओएसडी अभिमन्यु यादव को पत्र भेजकर अनुरोध किया था। अब वह हरियाणा के कर्मचारियों व पेंशनर्स की ओर से मुख्यमंत्री जी का आभार व धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

देसी कट्टे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

नारनौल। सीआईए ने एक युवक को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि राजस्थान के बिठलौदा वासी व्यक्ति सुरेश नांगल चौधरी हाईवे बाईपास बहरोड़ पुल के नीचे खड़ा है। जिसके पास देसी कट्टा है और वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना के आधार पर उक्त स्थान पर रेड की।

ग्राहक ने दुकान से किया मोबाइल चोरी

नारनौल। एक ग्राहक ने दुकान से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इस बारे में शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में राजेश सैनी ने बताया कि उसने बस स्टैंड के पास बनारसी पान भंडार नाम से दुकान कर रखी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि एक ग्राहक दुकान से सामान लेने आया और दुकान में रखा उसका मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। यह पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ है।

सेवानिवृत्त एसपी मातादीन के निधन पर जताया शोक

कनीना। भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री जसवंत सिंह बब्लू के पिता सेवानिवृत्त एसपी के निधन पर पार्टी नेताओं व समाज के प्रबुद्धजनों ने शोक जताया है। संजय जोशी, हलका विधायक सीताराम यादव ने उनके रेवाड़ी रोड स्थित आवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि जन्म-मृत्यु व लाभ-हानि विधाता के अधीन है।

सिंचाई के लिए राजस्थान बॉर्डर के साथ लगते गांवों के लिए पक्के जल भंडार बनेंगे

- नांगल चौधरी हलके के लिए 44.65 करोड़ रुपये की नहरी योजनाएं मंजूर
- कई गांवों के जोहड़ों को नहर से जोड़ने के कार्य को भी मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नहर की अंतिम टेल पर स्थित नांगल चौधरी हलके की सूखी भूमि को स्थायी जल व्यवस्था प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार ने 44.65 करोड़ रुपये की सिंचाई योजनाओं को मंजूरी दी है। इस योजना का मूल प्रारूप नांगल चौधरी के विधायक एवं सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने विशेष रूप से नांगल चौधरी क्षेत्र की जल व्यवस्था के स्थायी समाधान के रूप में तत्कालीन मुख्यमंत्री से मंजूर करवाया था। इस योजना के तहत इससे पूर्व भी लगभग एक दर्जन गांवों में चार एकड़ के क्षेत्र में 15 फुट गहरे तालाबों का निर्माण किया गया है। जिसमें कोरियावास, बशीरपुर, अलीपुर, दौचाना, धानोता, नायन, नारेड़ी, ढाणी सैनियां, थनवास, नेहरू नगर, दताल, कमानिया, बिगोपुर, धौलेड़ाए व निजामपुर ग्राम सम्मिलित हैं। इनमें वर्षा की ऋतु में

सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव।

पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने वाले नहरी पानी का भंडारण किया जाएगा तथा सरसों की फसल के लिए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से फव्वारे से सिंचाई करने की योजना है। इसी कड़ी में अब वर्तमान में बलाहा कलां, गोद, सिरोही बहाली, भुगांरका, ढाणी बिशना नायन, बनिहाड़ी, जिले के अंतिम छोर पर राजस्थान बॉर्डर के साथ स्थित गोठड़ी सहित इन सभी गांवों में चार एकड़ क्षेत्र में पक्के जल भंडार बनाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नांगल सोडा, शोभापुर एवं नेहरू नगर, नांगल पीपा, मेघोत बिंजा, थनवास एवं दताल गांवों के जोहड़ों को नहर से जोड़ने के कार्य को भी सरकार से मंजूरी मिली है। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने बताया कि इसके साथ ही सरकार ने नांगल चौधरी हलके के गांव आकोली, रामबास, इकबालपुर नंगली व बिगोपुर में जल भंडार बनाकर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से सिंचाई के लिए किसान के खेत तक पानी उपलब्ध करवाने की योजनाओं को लागू किया है। सरकार का प्रयास इस क्षेत्र की जल व्यवस्था को स्थायी समाधान प्रदान करना है। वर्षा ऋतु में भंडारण किया गया यह जल रबी की फसल के लिए अमृत का काम करेगा तथा फसल को पर्याप्त जल मिलने के उपरांत इन गांवों की अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। वहीं किसान समृद्ध होगा व कृषि एक लाभदायक रोजगार के रूप में आगे बढ़ेगी।

2.96 करोड़ की लागत से पक्के होंगे महेंद्रगढ़ क्षेत्र के दो ग्रामीण रास्ते

महेंद्रगढ़। क्षेत्र के दो ग्रामीण कच्चे रास्तों को 2.96 करोड़ से पक्का बनाया जाएगा। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि गांव मालड़ा सराय से गांव अगिहार तथा गांव बसई से गांव खेड़ी तलवाना के कच्चे रास्ते को पक्का बनाया जाएगा। ये दोनों ही रास्ते अभी कच्चे हैं तथा यहां से रोजाना सैकड़ों किसान अपने खेतों की तरफ जाते हैं तथा एक गांव से दूसरे गांव जाने वाले आम ग्रामीण भी इन रास्तों का इस्तेमाल करते हैं। गांव मालड़ा सराय से गांव पाथेड़ा को एक करोड़ 48 लाख की लागत से पक्का किया जाएगा। इस रास्ते की रोड आईडी 10222 है तथा ये रास्ता लगभग 5000 मीटर लंबा है। इसी प्रकार गांव बसई से गांव खेड़ी तलवाना के रास्ते को भी एक करोड़ 48 लाख की लागत से पक्का किया जाएगा। इस रास्ते की रोड आईडी 8481 है तथा इसकी लंबाई लगभग 5100 मीटर है।

नगर पालिका की ओर से करीब 56 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे

शहर को अंधेरे से मिलेगी निजात, 2300 स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य होगा शुरू

- मार्च माह में नगर पालिका के पास आ गई थी स्ट्रीट लाइट, आचार संहिता लगने के कारण नहीं लग पाई थी स्ट्रीट लाइट
- शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है शहर, एक साल से चल रही थी स्ट्रीट लाइट लगाने की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आचार संहिता हटने के साथ ही शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने की उम्मीद जगी है। जल्द ही नगर पालिका की ओर से 56 लाख रुपये की 2300 स्ट्रीट लाईटें लगाई जाएंगी। बता दें कि पिछले प्रदेश की सभी नगर परिषद व नगर पालिका को स्ट्रीट मिली थी। वहीं महेंद्रगढ़ नगर पालिका को भी 2300 स्ट्रीट लाईट मिली थी। पिछले दस सालों के दौरान शहर में स्ट्रीट लाइटों का अभाव बना हुआ था। पिछले वर्ष 56 लाख रुपये का टेंडर कर प्रदेश

महेंद्रगढ़। नगर पालिका मुख्यद्वार। फोटो: हरिभूमि

सरकार की ओर से हायर की गई एक निजी कंपनी को वर्क ऑर्डर दिया गया था, लेकिन किसी कारणवश नगर पालिका को स्ट्रीट लाईट नहीं मिल पाई थी। इस वर्ष मार्च में माह नगर पालिका को स्ट्रीट मिल गई थी, लेकिन आचार संहिता लगने के कारण स्ट्रीट लगने का कार्य शुरू नहीं हो पाया था। नगरपालिका प्रधान व पार्षदों की ओर से पहली ही बैठक में शहर में पर्याप्त रोशन के लिए स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया था, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह योजना धरातल पर नहीं उतर पाई थी। अब उम्मीद है कि शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

जल्द लगेगी स्ट्रीट लाईटः नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि नगर पालिका में 2300 स्ट्रीट लाइट मार्च में ही पहुंच गई थीं। हालांकि नपा की ओर से जहां लाइट लगाई जानी हैं वह स्थान निर्धारित कर लिए गए हैं। प्रथम चरण में शहर के मुख्य बाजारों व सड़कों पर लगाई जाएंगी। इसके बाद सभी वार्डों व पूरे शहर में लगवाई जाएंगी।

मार्च में मिली थी नपा को लाइट

20 माह पूर्व शहर की सरकार बनते ही पहली ही बैठक में प्रस्ताव पास कर शहर में पर्याप्त रोशन की व्यवस्था के लिए सरकार व शहरी निकाय विभाग को पत्र भेजा गया था। हालांकि सरकार की ओर से इसे स्वीकृति प्रदान करते हुए हायर की हुई एजेंसी के माध्यम से लाइट की खरीद के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी थी। इसके लिए नपा की ओर से 56 लाख का बजट तैयार कर संबंधित कंपनी के माध्यम से लाइटों की खरीद कर ली थी। कंपनी ने 17 मार्च को लाइट की आपूर्ति कर दी गई थी, लेकिन अभी तक लगाने के लिए कोई योजना तक नहीं बनाई है।

शाम होते ही मुख्य बाजारों व गलियों में छा जाता है अंधेरा

प्रमुख व्यापारिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध शहर के शॉपिंग कांप्लेक्स में लंबे समय से स्ट्रीट लाइट नहीं हैं। यहां 300 से अधिक दुकानें व 30 से अधिक बड़े शोरूम हैं। दुकानदार व व्यापारी वर्षों से पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की मांग कर चुके हैं। 11 हट्टा बाजार, ब्रह्मचारी रोड, गोशाला रोड, रेलवे रोड, मोदाश्रम मंदिर रोड, माजरा चुंगी रोड मसानी चौक सहित अन्य जगहों पर रात के समय अंधेरा रहता है।

महेंद्रगढ़। एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपते बलवान फौजी व अन्य।

ट्यूबवेल कनेक्शन को लेकर डीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

- किसानों को जल्द कनेक्शन नहीं दिए तो होगा आंदोलन

क्षेत्र के किसानों को जल्द ट्यूबवैल कनेक्शन देने को लेकर वीरवार को किसानों ने डीसी के नाम एसडीएम संजीव कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने इस दौरान चेतावनी दी है कि अगर जल्द ट्यूबवैल कनेक्शन नहीं दिए गए तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

इस अवसर पर बलवान फौजी, सोनू, मोनू, मनीपाल सरपंच, सुमित फौजी, वेदपाल, अजीत, विक्रम फौजी, सतपाली यादव, संदीप शास्त्री, सत्यवान सरपंच, सोनू सरपंच, योगेश ठेकेदार, संदीप झूक, अभय व रामभगत यादव ने कहा कि किसानों को वर्ष 2018 के बाद किसानों को नए ट्यूबवैल कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। एक जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2021 तक जिन किसानों ने ट्यूबवैल कनेक्शन खेतों में लगवाने के लिए आवेदन किया था, उनको अब सरकार 6/23 सर्कुलर के तहत अब ट्यूबवैल कनेक्शन जारी कर रहीं हैं। किसानों की ओर एक नए कनेक्शन की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली है तथा किसानों ने शि भी जमा करवा दी है। इसके अलावा विभाग द्वारा बताई गई 30 हजार रुपये की सहमति राशि भी किसानों ने एक वर्ष पहले विभाग के पास जमा करा दी थी तथा विभाग की ओर से बताई गई एस्टिमेंट राशि भी जमा करा दी गई है, लेकिन अभी तक किसानों को नए कनेक्शन नहीं मिले हैं। अगर किसानों को जल्द कनेक्शन नहीं दिए तो मजबूरन किसानों को आंदोलन करना पड़ेगा। सभी की मांग है कि उन्हें जल्द बिजली कनेक्शन दिलाया जाए।

एसडीएम ने सुनीं 36 की समस्याएं

- 20 लोगों की बनाई बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र से संबंधित पांच शिकायतें निपटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देश अनुसार एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को 36 शिकायतें आई। एसडीएम संजीव कुमार ने इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया व बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देश पर अब हर रोज सुबह नौ से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इस मौके पर क्रीड विभाग से अनिता भालोठिया ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित आई पांच शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया। इसके अलावा

महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायतें सुनते एसडीएम संजीव कुमार। फोटो : हरिभूमि

समाज कल्याण विभाग से लिपिक प्रदीप कुमार ने समाधान शिविर में 20 लोगों की बुढ़ापा पेंशन बनाई। एसडीएम ने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नप, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी। इन शिविरों में जमीन की रजिस्ट्री, एनओसी प्राप्त करने, राशन वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसे बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग व विधवा पेंशन से संबंधित मामलों की सुनवाई भी होगी। मौके पर कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, नपा से लिपिक सोनू, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से प्रवीण यादव बैरावास, जिला कल्याण विभाग से ममता, बीडीपीओ कार्यालय से नितिन, आशुलिपिक ब्रह्मानन्द के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सरकार नारी को और अधिक स्वावलंबी बनाने का कर रही प्रयासः संगीता यादव

- महिला सशक्तिकरण को लेकर पंचायत भवन में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित
- महिलाओं को विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आज के युग में नारी किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। राज्य सरकार भी नारी को और अधिक स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। समाज को नारी की सुरक्षा व सम्मान को सवारेपरि मानना होगा। साथ ही समाज से पितृसत्तात्मक सोच को बदलने की जरूरत है।

यह बात जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने वीरवार को महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए शक्ति अभियान के तहत पंचायत भवन में आयोजित एक कार्यशाला में कही। उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन

नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करतीं जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव।

में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों के साथ जोड़ने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी प्रेम कुमार ने बागवानी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बागवानी एक तेजी से उभरता हुआ कृषि व्यवसाय है। बागवानी में मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, फूलों व फलों की खेती, चाय बागान आदि प्रमुख विषय हैं। बागवानी में संभावनाओं और उसके गुणवत्ता को बेहतर बनाने का कार्य किया जाता है। इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं। बागवानी को भविष्य की खेती भी कहा जाता है। इसे एक बार लगा देने से कई सालों तक मुनाफा ले सकते हैं।

कृषि का उद्देश्य धन कमाना ही नहीं

इस अवसर पर कृषि विभाग से डा. रविंद्र यादव व डा. सतबीर सिंह ने कहा कि कृषि का उद्देश्य धन कमाना ही नहीं है। आधुनिकता के इस दौर में फसलों की उत्पादन क्षमता बढ़ाना भी है। किसान का दायित्व बनता है कि वह ऐसा शुद्ध व पौष्टिक अनाज का उत्पादन करें, जिससे अच्छी पैदावार के साथ-साथ स्वस्थ शरीर रह सकें। इसमें महिलाएं अहम भूमिका निभा सकती है। महिला आईटीआई से सरोज ने सिलाई, कढ़ाई व ब्यूटी पार्लर तथा जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय से कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी संतोष कुमारी जेजे एक्ट व पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर दिनेश के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

पांच दिन पूर्व हुए हादसे में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र में गत आठ जून को रेवाड़ी रोड़ पर हुए सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में अटेली क्षेत्र के खेड़ी निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई सरजीत गत आठ जून को खेड़ी से अपने ससुराल निजामपुर मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था। इस दौरान रेवाड़ी रोड पर वाटर बूस्टिंग स्टेशन के सामने अज्ञात वाहन ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसका भाई सरजीत घायल हो गया। वह उपस्थित लोगों ने उसको सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से वह अपने भाई को इलाज के लिए जयपुर के एक निजी अस्पताल में ले गए। सड़क के कारण उसके भाई ने दम तोड़ दिया। इसके बाद वे उसकी डेड बॉडी नागरिक अस्पताल में ले आए। जहां पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

नारनौल। नागरिकों की शिकायतें सुनतीं डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

समाधान शिविरों का लाभ उठाएं नागरिकः डीसी मोनिका गुप्ता

- जिले में 161 नागरिकों ने रखीं समस्याएं, त्वरित गति से समस्या समाधान का दावा

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर लग रहे समाधान शिविर का लाभ उठाएं। यहां एक ही स्थान पर सभी अधिकारियों की मौजूदगी में त्वरित गति से समस्याओं का समाधान हो रहा है। राज्य सरकार के निर्देश पर वीरवार को लघु सचिवालय तथा विभिन्न उपमंडल में लगे समाधान शिविरों में 161 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से कइयों का निपटारा मौके पर ही किया गया। इस मौके पर एसपी अर्श वर्मा भी मौजूद थे। डीसी ने बताया कि इन शिविरों में आमजन की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान किया जा रहा है। नागरिक सही समस्याओं को शिविरों में लेकर आएं। शिविर में नागरिक विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के बारे में शिकायतें लेकर आ रहे हैं। मौके पर सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों का जल्द समाधान करने के लिए कार्रवाई की जाती है। कई मामलों में मौके पर ही समाधान हो रहे हैं। मौके पर एसपी अर्श वर्मा, डीएमसी महावीर प्रसाद, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, नगराधीश मंजीत सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एनएचएम कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

7वें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता से उनके कार्यालय कक्ष चंडीगढ़ सचिवालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल द्वारा नेशनल हेल्थ मिशन कर्मचारियों की वषार्रें से लंबित मांगे सातवें वेतन आयोग को लागू करने, स्टॉफ नसार्रें, एमपीएचडब्ल्यू फिमेल, जिला एवं ब्लॉक आशा कॉर्डिनेटर, कंप्यूटर सहायक, सूचना सहायक, डॉक्टर इत्यादि सभी कैटेगिरी की वेतन विसंगति दूर करवाने, पिछले आंदोलनों के दौरान काटे गए वेतन

नारनौल। स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता को ज्ञापन सौंपते एनएचएम कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

के भुगतान, प्रत्येक माह के वेतन का समय से भुगतान, रेगुलराइजेशन पॉलिसी में एनएचएम कर्मियों को शामिल करने इत्यादि मांगों बारे स्वास्थ्य मंत्री को अवगत करवाते हुए ज्ञापन सौंपा। मीटिंग के दौरान प्रतिनिधि मंडल द्वारा हाल ही में मणिपुर सरकार द्वारा एनएचएम कर्मचारियों को रेगुलर करने वाले सहायक दस्तावेज भी मंत्री महोदय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री द्वारा एनएचएम कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय का कार्यभार संभाले हुए अभी कुछ ही समय हुआ है।

नगर पालिका कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ नारनौल ने नगर प्रशासक डीएमसी की अनुपस्थिति में उनके पीए संतलाल के माध्यम से शहरी स्थानीय निकाय मंत्री (हरियाणा सरकार) के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि प्रदेश सरकार से कर्मचारी संघ की कई दौर की वार्ता हुई हैं। इन वार्ताओं में 29 अक्टूर 2022 और पांच अप्रैल 2023 को

नारनौल डीएमसी के पीए संतलाल को ज्ञापन सौंपते नगर परिषद के कर्मचारी।

कर्मचारियों की कई मांगों पर समझौते हुए थे, उसे लागू करें व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें। अन्यथा तमाम हरियाणा के सफाई कर्मचारी आंदोलन करेंगे और भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा 3480 कर्मचारी गुरुग्राम से हटाए गए थे, वह हटाए गए कर्मचारी वापस लें अन्यथा कर्मचारी आंदोलन तेज किया जाएगा और इसके जिम्मेवारी सरकार की होगी। इस मौके पर जिला प्रधान राहुल सारवाण, प्रधान सुरेश जैदिया, सचिव महावीर प्रसाद, प्रताप सिंह दरोगा, कमल कुमार, श्याम सुंदर, दीपक कुमार, देवानंद, आकाश, राजकुमार, नरवीर, निरंजन व गिरवर सिंह दरोगा आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005